सुविचार
थैली पर लगे लेबल पर भरोसा न करें।
टी. फुलर

दैनिक भास्कर

आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

सेंसेक्स	↑ +167.48	28,468.75
यूरो	↑ + 0.05	71.33
डॉलर	↓ -0.06	67.07
सोना	↑ +100.00	29,800
चांदी	00.00	45,000

कुल पृष्ठ 18+4=22 | मूल्य ₹ 4.00 **झारखंड** निःशुल्क डीबी स्टार सहित | वर्ष 7, अंक 175

dainikbhaskar.com रांची, शनिवार, 18 फरवरी, 2017 फाल्गुन कृष्ण पक्ष-8, 2073 14 राज्य | 62 संस्करण

एमओयू की कतार

MOMENTUM JHARKHAND

झारखंड का पहला इन्वेस्टर्स समिट

- एमओयू के बाद विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। रघुवर बोले- मेरे लिए आज से विकास की नई यात्रा शुरू हो गई है।

5000 डेलीगेट के आने की उम्मीद थी, मगर आए 11,029 डेलीगेट।

250 विदेशी डेलीगेट के मुकाबले 600 ने समिट में भाग लिया।

12 केंद्रीय मंत्री और 26 देशों के लोगों ने की शिरकत।

- आठ सेक्टर और कंट्री पार्टनर सेमिनार में 101 वक्ताओं ने हिस्सा लिया।
- ढाई करोड़ लोगों ने इंटरनेट पर मोमेंटम झारखंड की जानकारी ली। दो दिन में 25 हजार लोगों ने प्रदर्शनी का भ्रमण किया।

3.10 लाख करोड़ के 210 करार हुए

6 लाख नौकरियों का वादा

172 एमओयू पर दो साल में प्रोजेक्ट तैयार होकर उत्पादन शुरू होगा : रघुवर

पॉलिटिकल रिपोर्टर | रांची

झारखंड के पहले ग्लोबल समिट में 3 लाख 10 हजार 287 करोड़ रुपए के 210 करार हुए। इनमें 172 एमओयू ऐसे हैं, जिन पर एक साल के भीतर काम शुरू हो जाएगा। दो साल में प्रोजेक्ट पूरे होंगे और उत्पादन शुरू हो जाएगा। इससे छह लाख तीन हजार लोगों को रोजगार मिलेंगे। 2.10 लाख लोगों को सीधे रोजगार मिलेंगे।

शुक्रवार को समिट के समापन पर मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि राज्य में विकास की नई यात्रा शुरू हो गई है। झारखंड किसी से कम नहीं है। निवेशकों को जहां चाहिए वहां सरकार जमीन देगी। नीतियां उद्योगों के अनुकूल हैं और कानून का सरलीकरण कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि टेक्सटाइल के क्षेत्र में किए गए एमओयू पर दो से तीन महीने में काम शुरू हो जाएगा। रांची-जमशेदपुर के बीच मदर डेयरी का प्लांट लगेगा। चीन ने ई-पॉस मशीन बनाने का कारखाना लगाने के लिए 1200 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया है। राज्य में लेदर इंडस्ट्री भी लगाई जाएगी। समारोह में राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू, केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, निर्मला सीतारमण, रामकृपाल यादव, जयंत सिन्हा और सुदर्शन भगत सहित कई देसी-विदेशी उद्यमी मौजूद थे।

किस क्षेत्र में कितना निवेश

क्षेत्र	एमओयू	निवेश
उद्योग	121	210506
आईटी-ई गवर्नेंस उच्च शिक्षा एवं	30	8499
कौशल विकास	16	3231
शहरी विकास	17	38320
ऊर्जा	09	37150
स्वास्थ्य सेवाएं	06	2060
पर्यटन	08	2273
परिवहन	02	2150
कृषि	01	1900

-निवेश की राशि करोड़ रुपए में

लाफार्ज समेत 13 कंपनियों को 164 एकड़ जमीन आवंटित : मोमेंटम झारखंड में राज्य सरकार ने शुक्रवार को 13 कंपनियों को 164 एकड़ जमीन आवंटित कर दी। सीएम रघुवर दास ने कहा कि वे अब अपना काम शुरू कर सकते हैं।

प्रमुख कंपनियां इस क्षेत्र में करेंगी निवेश

कंपनी	क्षेत्र	निवेश
द मिल्की वे	अर्बन इंफ्रा	66996 करोड़
अडाणी इंटरप्राइजेज	मेथनॉल, पावर	50000 करोड़
जेएसडब्ल्यू	पावर	35000 करोड़
कोयलो ग्लोबल	एफोर्डेबल हाउसिंग	17300 करोड़
रामकृष्णा फॉर्गिंग्स	एयरोनॉटिक्स	1004.15 करोड़
आरईसी डिस्ट्रीब्यूशन	बिजली	8150 करोड़
कैजन नैनो लैब	सोलर पार्क	8000 करोड़
आरईसी डिस्ट्रीब्यूशन	बिजली	7000 करोड़
हिन्दुस्तान अर्बन/रेजयन	फर्टिलाइजर	6500 करोड़
स्काई वे सिस्टम बेलारूस	रैपिड मेट्रो रेल	6300 करोड़
रिसाइकल्ड रिफ्यूज इं.	सोलर पॉवर	6000 करोड़
इपीपीएस इन्फोटेक	हाउसिंग, इंडस्ट्रीयल पार्क	5700 करोड़
टाटा स्टील	प्लांट का विस्तारीकरण	4981 करोड़
टाटा ब्लूस्कोप	स्टील	350 करोड़

विकास की दौड़ में आगे होने की क्षमता : गवर्नर

राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि राज्य गठन के 16 साल बाद झारखंड ने दुनिया में साबित कर दिया कि हम साधन संपन्न हैं। विकास की दौड़ में आगे बढ़ने की क्षमता है। राज्य में अपार संभावनाएं हैं। सरकार ने मोमेंटम झारखंड का सफल आयोजन कर यह साबित कर दिया कि राज्य विकास के पायदान पर सर्वोच्च स्थान पाने का माद्दा रखता है।

झारखंड विकास के शीर्ष पर होगा : सीतारमण

केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि देश के राज्यों में विकास की स्पर्धा है। झारखंड हर दिन विकास के नए प्रतिमान स्थापित कर रहा है। आने वाले दिनों में झारखंड विकास के शीर्ष पर होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रघुवर दास ने विकास का जो खाका खींचा है और इसके तहत जो नीतियां लागू कर रही है उससे निःसंदेह एक मोमेंटम बन गया है।

मोमेंटम झारखंड ने सोच बदल दी : रविशंकर

केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि मोमेंटम झारखंड बदलाव का प्रतीक है। पहले निवेशक सम्मेलन में ही 11 हजार से ज्यादा लोगों की भागीदारी और 3 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा के निवेश का करार बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि पीएम बेहतरीन कप्तान हैं और रघुवर दास ने साबित कर दिया कि वे उनकी टीम के सबसे अच्छे बैट्समैन हैं।

- **खेलगांव में आम लोगों के लिए दो दिन और खुली रहेगी प्रदर्शनी**
- राजधानी में बिजली खंभों पर लगीं रंगीन लाइटें नहीं हटेंगी, तोरणद्वार हटाए जाएंगे
- **साफ-सफाई, सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था इसी तरह बनी रहेगी**

मोमेंटम झारखंड का असर

हाईकोर्ट ने कहा; ट्रैफिक और सफाई व्यवस्था बिगड़ी तो हम हस्तक्षेप करेंगे : पेज 2

दरगाह बम विस्फोट में 100 मौतों के बाद पाक ने मारे 100 आतंकी

आतंकियों के खिलाफ पूरी रात चली कार्रवाई

एजेंसी | इस्लामाबाद

सिंध में लाल शाहबाज कलंदर की दरगाह पर धमाकों में 100 से ज्यादा लोगों की मौत और 250 लोगों के घायल होने के बाद पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने बड़ी कार्रवाई शुरू की है। सिंध, कराची समेत अलग-अलग प्रांतों में सारी रात चली कार्रवाई में 100 से ज्यादा आतंकी मार गिराए गए। दावा है कि ऑपरेशन अभी जारी है और आतंकियों का पूरा सफाया किया जाएगा।

पाकिस्तान में पिछले एक हफ्ते में आठ छोटे-बड़े आतंकी हमलों के बाद प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने सभी प्रांतों की सरकारों के साथ बैठक कर प्रभावी कार्रवाई पर चर्चा की। सूफी लाल शाहबाज कलंदर की दरगाह पर धमाके के बाद गुरुवार देर रात से ही कार्रवाई शुरू हो गई। सिंध रेंजर्स ने 18 आतंकियों को मार गिराने का दावा किया। इनमें 7 आतंकी काठोर में देर रात हुई मुठभेड़ में मारे गए। मुठभेड़ तब हुई जब सुरक्षा बल सेहवान में सूफी तीर्थ पर हमले की जांच कर लौट रहे थे। कराची में कार्रवाई के दौरान 11 आतंकी मार गिराए गए।

खैबर-पख्तूनवा प्रांत में अलग-अलग कार्रवाई में 12 आतंकी मारे गए। इनमें 3 पेशावर, 4 ओरकाजी और 4 बन्नू इलाके में मारे गए। मारे गए आतंकियों के कब्जे से भारी मात्रा में हैंड ग्रेनेड और हथियार बरामद हुए। खुर्रम और मोहमंद जिलों में मुठभेड़ में 3 आतंकी मारे गए और पाकिस्तानी रेंजर का एक जवान भी मारा गया। ऐसे ही बलूचिस्तान के क्वेटा और पंजाब के सरगोधा में क्रमशः दो और एक आतंकी मार गिराए गए।

असंभव के विरुद्ध

कल्पेश याग्निक के विचारोत्तेजक कॉलम में आज

2000 आरोपी, 634 मेडिको बाहर, 9 भर्तियों-परीक्षाओं में घोटाला, 27 लाशें- किन्तु सरकार को खरोंच तक नहीं - क्यों?

देश-विदेश पेज पर

पीएफ के लिए अनिवार्य हुआ आधार, 31 मार्च तक जमा करें

नई दिल्ली| कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने खाताधारकों और पेंशनरों के लिए आधार अनिवार्य बना दिया है। आधार कार्ड जमा करने की तारीख अब 28 फरवरी से बढ़ाकर 31 मार्च कर दी गई है। यानी 31 मार्च तक आधार नंबर ईपीएफओ में देना होगा।

गोल्ड के बदले ग्रामीण बैंक दे सकेंगे 2 लाख का लोन

मुंबई | रीजनल रुरल बैंक अब 2 लाख रुपए तक लोन अगेंस्ट गोल्ड दे सकेंगे। आरबीआई ने लोन की रकम 1 लाख से बढ़ाकर दोगुनी कर दी है। हालांकि इसे लौटाने के लिए अधिकतम 12 महीनों का समय मिलेगा।

85% सस्ता होते ही देशभर के अस्पतालों में स्टेंट की किल्लत, री-लेबलिंग के बहाने बाजार से हटाए स्टॉक : पेज 17